**मांग संख्या 23**

**मुख्य शीर्ष 2701**

**मद क्रमांक 1 से 2**

छत्तीसगढ़ की नदियों में वर्तमान में संचालित तथा भविष्य में प्रस्तावित गेज एवं डिस्चार्ज स्थलों पर वर्ष भर दैनिक रूप से डिस्चार्ज का मापन कार्य के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है। अतः इस हेतु ₹100.00 लाख का व्यय संभावित है। पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

| स.क्र. | पदनाम | वेतन मेट्रिक्स | पद संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | चौकीदार | 6 | 64 |
| 2 | गेज रीडर | 7 | 128 |
| 3 | टाईम कीपर | 7 | 64 |
| **कुल योग** | | | **256** |

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹1,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मुख्य शीर्ष 4701**

**मद क्रमांक 3**

कबीरधाम जिला के विकासखण्ड पण्डरिया की बकेला के पास हाफ नदी में व्यपवर्तन योजना के 400 मीटर ऊपर बैराज परियोजना के निर्माण कार्य की अनुमानित लागत ₹6000.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष ₹10.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹10,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मुख्य शीर्ष 4711**

**मद क्रमांक 4**

बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो को अपरीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल किया गया है:-

1. राजनांदगांव जिला के शिवनाथ नदी तट पर हरदी बाढ़ नियंत्रण कार्य की अनुमानित लागत ₹500.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष ₹25.00 लाख का व्यय संभावित है।
2. बस्तर जिला के चित्रकोट के पास इन्द्रावती नदी पर तटरक्षण कार्य की अनुमानित लागत ₹1000.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष ₹25.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 50,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।